## एक नजर में



### एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित किया

सिवनी। सिद्ध महादेव स्थल शिव धाम जेवनारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण अभियान में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत मोक्ष धाम जेवनारा एवं सिद्ध महादेव स्थल जेवनारा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि वैभव पवार युवा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष आभा जितेंद्र राहंगडाले जनपद पंचायत बरघाट एवम समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण जनपद पंचायत बरघाट एसडीओपी ललित गठेरे बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश बेस बरघाट तहसीलदार धुर्वे जी ग्राम सुरक्षा समिति के ब्लॉक प्रमुख अनिल बॉपचे महिला बाल विकास के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग शिक्षा विभाग ग्राम पंचायत जेवनारा सरपंच चंद्र किशोर बंटी कटरे एवं समस्त पंचायत बॉडी एवं महाशिवरात्रि सेवा समिति जेवनारा के समस्त सदस्य ग्राम के सामान्य फूलचंद कटरे, रविंद्र सिंह रंगडाले सेवा निवृत शिक्षक सालिकराम राहंगडाले तामसिंह ठाकुर व ग्राम वासी के सहयोग से संपन्न हुआ।



### जागरूकता रथों को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

सिवनी। पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी हैं जरूरी अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में मंगलवार को संपूर्ण सिवनी शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर नशा मुक्त मध्यप्रदेश नशा मुक्त के संदेश के साथ जागरूकता हेतु प्रजापिता ब्रह्म कुमारी, मां गायत्री परिवार ट्रस्ट, श्री सत्य साई बाबा सेवा समिति* द्वारा तैयार से जागरूकता रथों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नशा मुक्ति शपथ और प्रेरणादाई संबोधन के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर नपुअ श्रीमती पूजा पांडेय, थाना प्रभारी गण, आदरणीय गीता दीदी, मुख्य ट्रस्टी सुंदर लाल बघेल चंद्रकांत बेलिया और उक्त संस्थान, ट्रस्ट व सेवा समिति के डीवोटीस की गरिमामई प्रतिभागिता रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस को अवगत कराते हुए बताया गया कि उक्त जन अभियान अंतर्गत पुलिस की नोडल टीम के साथ साथ पुलिस थानों की टीम द्वारा 100 से अधिक विद्यालय व महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए, जिसके माध्यम से 50000 से अधिक छात्र छात्राओं एवं 10000 से अधिक आम जनों को नुक्कड़ सभा आदि से जागृत किया गया, इसके साथ ही ऑडियो वीडियो फिल्मों, सिविल डिफेंस, कनक फाउंडेशन की पहल व विभिन्न संदेशों को भी प्रसारित किया जा रहा हैं।

### उगली में किया गया भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक



उगली। श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर बाजार चौक उगली स्थित प्रांगण में पवित्र श्रावण मास के आरंभ से ही प्रतिदिन मंदिर समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणों के सहयोग से प्रतिदिन मास पारायण रामायण पाठ का वाचन सायं काल 7 बजे से 10 बजे के मध्य किया जा रहा है। गत दिवस श्रावण मास की तृतीया सोमवार को देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम भक्ति गणों के सौजन्य से किया गया. उगली स्थित श्री गौरी नारायणी सिद्ध पीठ माता खैर माई मंदिर प्रांगण में गत दिवस से अखंड रामायण रामचरितमानस का वाचन किया जा रहा है, जिसमें समस्त जनमानस महिला मंडल का सौजन्य अविस्मरणीय है।

# होमगार्ड डायरेक्टर ने कहा–मामले का लेंगे संज्ञान

## मामला अवैध वसूली और रिटायरमेंट सैनिक को प्रताड़ित करने का, वर्षों से जमे अधिकारियों–कर्मचारियों पर भी होगी नजर

नव भारत फालोअप

**सिवनी नवभारत।** जैसे कि जिला सिवनी के होमगार्ड विभाग में हो रही अवैध वसूली एवं रिटायरमेंट सैनिक सहित ओर जिला कार्यालय में पदस्थ अन्य सैनिकों से नियम विरुद्ध तरीके से अवैध वसूली का मामला नवभारत समाचार पत्र लगातार खबर प्रकाशित करते हुए संबंधित अधिकारी एवं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को प्रमुखता से खबर प्रकाशित करते हुए ध्यान आकर्षित कर रहा है। जिस पर आज दिनांक तक डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट स्नेह लता पांठया और प्लाटून कमांडर लक्ष्मी बगोतिया द्वारा सैनिक रिटायर्ड शिवनाथ उईके ने गंभीर आरोप लगाते हुए। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए लिखित शिकायत की है और खबर प्रकाशित होने के बाद होमगार्ड कार्यालय की तरह–तरह के मामले देखने और सुनने को मिले थे जहां कुछ सैनिकों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया था कि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एवं प्लाटून कमांडर की वसूली सैनिक बघेल द्वारा हर महीने पेमेंट होने के बाद या होने से पहले प्रति सैनिक से 1000 रू. लेने का मामला सामने आया था जिस पर डिवीजनल कमांडेड आशीष खरे को इस पूरे मामले में ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत कराया गया था लेकिन उन्होंने केवल आश्वासन दिया और इस गंभीर मामले में आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके चलते पूरे होमगार्ड जिला इस समय जन चर्चा का विषय बना हुआ है इसके अलावा कार्यवाही न होने पर ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों की हौसले बुलंद हो रहे हैं और भविष्य में और भी बड़े मामले को अंजाम देने से नहीं चूकेंगे अगर ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो।









### सूचना के अधिकार की उड़ाई जा रही है धज्जियां

जिला होमगार्ड कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार को लेकर जब विभाग में सूचना के अधिकार के माध्यम से दिनांक 2/8/2024 में जानकारी मांगी तो। थी लेकिन आज दिनांक तक सूचना के अधिकार की जानकारी डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट द्वारा नहीं दी गई इससे यह सिद्ध होता है कि कहीं ना कहीं जिला होमगार्ड कार्यालय में भ्रष्टाचार हुआ है और हो रहा है इसके अलावा सूचना के अधिकार की धज्जियां जहां नियम विरुद्ध तरीके से आवेदक को गुमराह करते हुए जानकारी नहीं दी गई क्योंकि जानकारी अगर दे दी जाती तो कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार की पोल खुल जाती जिसके चलते आवेदक को जानकारी नहीं दी गई है।



### गृह जिला के निवासी अधिकारी–कर्मचारी अभी भी सिवनी में पदस्थ हैं क्यों



आश्चर्य इस बात का है की मध्य प्रदेश सरकार ने अभी ट्रांसफर नीति को लेकर बड़ा फेरबदल करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए थे कि वर्षों से जाने अधिकारी और गृह जिले में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को अन्य जिलों में पद स्थापना की जाएगी। लेकिन इस आदेश का पालन जिले के वरिष्ठ अधिकारी होमगार्ड कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के ऊपर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं और वर्षों से जमे अधिकारी कर्मचारी का स्थानांतरण कई वर्षों से नहीं हुआ है जबकि शासन के आदेशों का पालन अन्य विभागों ने पालन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है इस मामले में जब हमारे संवाददाता ने डायरेक्टर जनरल भोपाल श्रीमती प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव को ध्यान आकर्षित कराया तो उन्होंने कहा मामले को संज्ञान में लेने का आश्वासन दिया। अब देखना यह होगा कि क्या जिला सिवनी में होमगार्ड कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के ऊपर क्या कार्रवाई की जाएगी।



**इनका कहना है**

इस मामले में मुझे लिखकर मेरे वाट्सएप में दिजिए मैं देखती हूं.

**प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल, होमगार्ड भोपाल**

### पालिका अध्यक्ष ने किया श्रद्धालुओं का स्वागत

सिवनी। भगवान भोलेनाथ के पत्रिव सावन के महीने में मंगलवार को पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सामने कांवड यात्रा के श्रध्दालुओ का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। सैकड़ो की संख्या में नाचते–गाते झूमते हुए भगवान भोलेनाथ के भक्त जो कि रानी दुर्गावती गंज वार्ड सिवनी हनुमान मंदिर समिति के सदस्य है। श्रध्दा भक्ति भाव से ग्राम मुंडारा मां वैनगंगा उद्गम स्थल से पैदल जल लाकर महाकाल दरबार मठ मंदिर सिवनी में जल चढाने, नगरपालिका चौराहा से होकर गुजर रहे थे साथ ही कावंडियों के द्वारा झांकी भी निकाली गई। इस दौरान पुष्पवर्षा कर नपा अध्यक्ष के साथ प्रेम तिवारी, अजय डागोरिया, संजय भलावी, रविशंकर भांगरे, अमित डागौर, पूर्व पार्षद संजय खंडाईत, दीपू मिश्रा, शीबू सेंगर भुनेश कुल्हाडे, विक्रांत दुबे, संदेश बास्सा, सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारीगण द्वारा स्वागत किया गया।



### हरियाली महोत्सव का आयोजन

**लखनादौन नवभारत।** श्रावण तीज हमारे सनातन संस्कृति के त्यौहारों में से एक प्रमुख त्यौहार है। वेद एवं पुराणानुसार सृष्टि का सृजन जगत पिता महादेव शिव जी एवं जगत जननी आदिशक्ति मां पार्वती के मिलन से ही आरम्भ हुआ जिसमें महादेव जी को प्रमुख सूत्रधार माना गया है। इस दिवस युवतियां एवं महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार कर हरे, पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर मंगल गीत गाए जाते हैं और बगीचे एवं बागबानियों में झूले झूलती हैं एवं सारा दिन उत्सव मनाती हैं। विगत दिवस श्रावण तीज के अवसर पर स्थानीय तेजश्वनी महिला मंडल महाराणा प्रताप वार्ड पटपुरा मोहल्ला लखनादौन द्वारा भी हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि दुबे, श्रीमती साधना साहू, श्रीमती संगीता पटेल, श्रीमती सगीता राठौर, श्रीमती गीता डहेरिया, श्रीमती नीतू चौकसे, श्रीमती विनीता चौकसे, श्रीमती सविता गोल्हानी, श्रीमती अनीता चौरसिया, श्रीमती ज्योति सेन, श्रीमती रानी दुबे, श्रीमती सुधा चौकसे, श्रीमती सुषमा राजपूत, प्रीति ठाकुर सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं शामिल हुई। भगवान भोले नाथ व मदन गोपाल के झूले में झूलकर भक्ति गीत गाए।

### नाग पंचमी के अवसर पर नाग देवता को पिलाया दूध

#### नगर के सभी पान विक्रेताओं ने श्रद्धा के साथ मनायी नागपंचमी पर्व

**छपारा नवभारत।** पवित्र सावन माह को पड़ने वाला पर्व नागपंचमी परम्परागत रूप से मनाया गया। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता, धार्मिक ग्रंथों में नागपंचमी के दिन भगवान शिव के साथ नाग देवता की पूजा का विधान बताया गया है। नगर के विभिन्न शिव मंदिर और नाग देवताओं के देवस्थान पर पहुंचकर नाग देवता की विधि पूर्वक पूजन कर दूध पिलाया गया, साथ ही विधि विधान से नाग देवता की पूजा भी की गई।



इस दिन खासतौर से नाग पंचमी के मौके पर क्षेत्र के सम्पूर्ण पान दुकानदार अपनी पान की दुकान बंद रखकर नाग देवता की पूजा सम्पूर्ण विधि विधान से किया करते हैं।प्रति वर्ष नगर के पान दुकान संचालक अपनी दुकान बंद कर इस परम्परा का पालन करते है। इसी कड़ी में सोमवार को छपारा नगर के सभी पान दुकानदारों ने सी एम राइज सांदीपनी विद्यालय मैदान स्थित नाग मढ़िया के स्थान पर पहुंच कर नाग देवता को दूध पिलाया और पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर पान दुकानदार देवेंद्र चौरसिया, मुकेश, देवेंद्र चौरसिया, मुकेश सुपलभक्त, सुक्कू चौरसिया, पप्पू चौरसिया, दशरथ साहू ठाकुर प्रसाद कालू चौरसिया अक्कू नामदेव आदि शामिल रहे कुमार, समेत आदि दुकानदार उपस्थित रहे।

### चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला बिजली गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** अलग–अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी अफरोज उर्फ बिजली को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किए गए ८० हजार रुपये कीमत के सोनें चांदी के जेवरात, एक सुजूकी एक्सेस, नकदी 12300 रुपये और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल के साथ दो पेचकस व लोहे की रॉड़ जब्त की गई है। आरोपी पूर्व में भी नकबजनी के चार की प्रकरणों में जेल की हवा खा चुका है।



**यहां दिया चोरी की वारदात को अंजाम**

कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया है कि आरोपी हड्डी गोदाम क्षेत्र निवासी अफरोज उर्फ बिजली ने एक ही रात में चार स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बाबा ट्रेडर्स नामक किराना की थोक एवं चिल्लर बिक्री की दुकान का 25 मार्च की रात ताला तोड़कर दुकान के केश काउन्टर के ड्राज से 70 हजार रुपये चोरी हुए थे। इसके बाद 27 जुलाई को खटीक मोहल्ला आजाद वार्ड में स्थित गोदाम का ताला तोड़कर गोदाम में रखी स्कूटी सुजूकी एक्सेस, केवटी मोहल्ला स्थित घर का ताला तोड़कर पेटी, आलमारी में रखे जेवरात व नकदी रुपये, गोंड़ी मोहल्ला गांधी वार्ड में घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे जेवरात, नकदी और महावीर वार्ड के एक घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात चोरी हुए थे। पुलिस के अनुसार यह सभी चोरियां अफरोज उर्फ बिजली ने ही की थी।

कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया है कि चोरी की इन घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए थाना स्तर पर टीम गठित की गई। सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फुटेज में नजर आ रहे संदिग्ध अफरोज उर्फ बिजली उर्फ मारी पिता सलीम खान उम्र 20 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम भगतसिंह वार्ड सिवनी से सख्ती से पूछताछ की गई। इसमें आरोपी ने सभी नकबजनी की घटनाओं को स्वंय के द्वारा अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही सोने–चांदी के जेवरातों को पुरानी सब्जी मंड़ी स्थित पीपल के पेड़ के नीचे छुपाना और पीपल पेड़ के पास ही स्कूटी सुजूकी एक्सेस को छुपाना बताया जिसे पुलिस ने जब्त किया।

### धूमधाम से निकली सनातनी कांवड़ यात्रा, जगह–जगह हुआ स्वागत

**महादेव की झांकी ने मोहा लोगों का मन, भोले की भक्ति में डूबे कांवड़िए**

**घंसौर नवभारत।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का महापर्व पवित्र सावन सोमवार के शुभ अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ऐतिहासिक सनातनी कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन नगर के शिव भक्तों के द्वारा किया गया। हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कावड़ यात्रा छिंदवाहा घाट से प्रारंभ होकर घंसौर के श्री राम मंदिर में विराजमान भोलेनाथ के जलाभिषेक के बाद संपन्न हुई।

**सनातनी कांवड़ यात्रा का स्वागत**

सनातनी कावड़ यात्रा मे सम्मिलित हुए घंसौर, बिनोरी एवं पहाड़ी के शिव भक्तों का का जगह–जगह भव्य स्वागत सत्कार किया गया किंदरई, पौड़ी, बिनोरी, पहाड़ी के शिव भक्तों एवं समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया। हर हर महादेव के जयकारों के साथ सनातनी वेशभूषा एवं आकर्षक झांकी एवं ढोल धमाकों के साथ नगर के श्री राम मंदिर पहुंची जहां पर श्री राम मंदिर समिति के तमाम सदस्यों के माध्यम से कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए समस्त शिव भक्तों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए शिव भक्तों को देखने हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों की मंदिर प्रांगण में उपस्थिति रही।



**भोलेनाथ की भेषभूषा में नजर आए कलाकार**

ऐतिहासिक सनातनी कावड़ यात्रा में शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था जिसमें 5 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक महिला पुरुष भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ झूमते हुए कावड़िया अपने कंधों में रखकर आगे बढ़ रहे थे इस सनातनी कावड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण, आकर्षक झांकियां, वेशभूषा, कावड़िया की सजावट के साथ ही घंसौर नगर के स्टार कलाकार गणेश राजपूत भगवान भोलेनाथ के गेटअप मे नजर आए। घंसौर क्षेत्र का यह कलाकार वैसे भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी एक्टिंग और डांस को लेकर पहले भी सुर्खियां बटोर चुका है घंसौर के श्री राम मंदिर प्रांगण में शिव तांडव नृत्य ने सबका मन मोहा इस बार सनातनी कावड़ यात्रा का यह कलाकार भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

**माना आभार**

सनातनी कावड़ यात्रा में सम्मिलित समस्त शिवभक्त, महिला पुरुष और बच्चे, श्रद्धालुजन इस कावड यात्रा को यादगार बनाने में घंसौर कैप्चर से बिन्नी शर्मा, घंसौर केवल नेटवर्क राकेश श्रीवास्तव, मेकअप मेन अजय सेन, हमारे कैमरामैन शुभम यादव, राहुल यादव, पुलिस थाना किंदरई एवं घंसौर का स्टाफ, अवधिया समाज के युवा जन, घनश्याम साहू और उनकी टीम, श्री राम मंदिर सेवा समिति के तमाम सदस्य सहित उन तमाम सहयोगियों का आभार मानती है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



केवलारी नवभारत। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया है, जिसमें देश में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई है। यह ज्ञापन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोलू उईके, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष तिवारी के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में हिन्दू समाज अपने धार्मिक त्योहारों, सांस्कृतिक मूल्यों और अस्तित्व पर लगातार हो रहे हमलों के कारण गम्भीर संकट का सामना कर रहा है। पत्र में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, कश्मीर के पहलगाम और बांग्लादेश में हुए घटनाक्रमों का हवाला देते हुए जनसंख्या असंतुलन को इन घटनाओं का प्रमुख कारण बताया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है

**बुरे हाल** — महिला एवं बाल विकास विभाग के खस्ताहाल को बयां करती बारिश

### सिस्टम की पोल खोल रही बारिश, टपकती जर्जर छत के नीचे काम कर रहे कर्मचारी

**केवलारी नवभारत।** बारिश का प्रकोप अब शासकीय दफतरों पर भी दिखने लगा है, महिला बाल विकास विभाग केवलारी का परियोजना कार्यालय भारी बारिश में तालाब बन जाता है ।अधिकारी कर्मचारी जर्जर आफिस के एक छोटे से कमरे में पन्नी तिरपाल लगाकर टपकते पानी से बचते हुए काम कर रहे हैं। जिस विभाग के कंधे पर नवनिहालो का भविष्य सँवारने की जिम्मेदारी है उस विभाग का दफ्तर खुद बदहाली की मार झेल रहा है, वर्षों पुराने जर्जर भवन में ही कार्यालय संचालित हो रहा है।






महिला बाल विकास परियोजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। यह परियोजना, महिलाओं और बच्चों के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाती है। जिसके तहत केवलारी विकासखंड की महिलाओं एवं बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंदों का संचालन ब्लॉक कॉलोनी रोड बड़े ग्राउंड के सामने पुराना बालक हॉस्टल से किया जा रहा है। परंतु इस कार्यालय के वर्तमान हालत ऐसे है कि व्यक्ति इस कार्यालय में जाने से बच रहे हैं। क्योंकि बरसात में महिला बाल विकास विभाग के भवन की जर्जर स्थिति हो चुकी है जहां जगह जगह से छत से पानी टपक रहा है जिससे मजबूरी में अधिकारियों और कर्मचारियों को भवन के सभी कमरे खाली कर केवल एक दस बाई दस के छोटे से कमरे से पूरे विकासखंड का काम सम्हाला जा रहा है। एक ही कमरे में परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर लिपिक सहित सभी कर्मचारी इसी कमरे में अपना काम कर रहे हैं साथ ही विभाग के आवश्यक दस्तावेज टपकते पानी से खराब हो रहे हैं ।अब भला ऐसे में महिला एवं बाल विकास की परियोजना जर्जर भवन में बने तो उस विकास परियोजना की खिल्ली उड़ना जायज है। महिला एवं बाल विकास विभाग को पहले अपने विभाग का विकास करना चाहिए ताकि इसी विभाग से विकासखंड के जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों के विकाश किया जा सके। महिला एवं बाल विकाश विभाग के कार्यालय की यह दुर्दशा सिस्टम की पोल खोल रहे हैं।

### पुलिस द्वारा वाहन चोरी का किया गया पर्दाफाश

**लखनादौन नवभारत।** थाना लखनादौन मे प्रार्थी ललित पिता मुखराम अहिरवार उम्र 22 माल निवासी ग्राम सनाई डोंगरी थाना धूमा जिला सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 27/07/2025 के दोपहर करीब 3/00 बजे तीन बाहरी लोगो ने नागपुर महाराष्ट्र जाने के लिये लखनादौन से कार बुक किये थे जिन्हे नागपुर छोडने के लिये जा रहा था कि रास्ते में उन्होंने उल्टी आने का बहाना बनाकर गाडी रुकवाये तो मैं भी कुछ दूर जाकर टायलेट करने लगा तभी तीनो व्यक्ति शिफ्ट डिजायर कार एवं मेरा मोबाईल चुराकर भाग गये थे। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा घटना को गंभीरता में लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अपूर्व भलावी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के मार्गदर्शन में थाना से टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना तथा तकनीकी सहायता से आरोपी गणो को थाना लोधीखेडा के अंतर्गत जिला पाडुर्ना मे घेराबंदी कर तीन आरोपियो को पकडा गया जिनके कब्जे मे चोरी गये कार क्र.एमपी 20 जेडजे 0717 एवं एक मोबाईल रेडमी कंपनी का बरामद किया गया एवं तीनो आरोपियो सूरज चौधरी, आशीष सोलंकी, नीलेश जाटव को गिरफ्तार किया गया।



अभियुक्त सूरज चौधरी थाना कोतवाली नरसिहपुर का निगरानी बदमाश है जिसके विरुध्द अलग अलग कुल 27 अपराध पंजीबध्द है एवं आरोपी आशीष सोलंकी थाना गाडरवाडा का निगरानी बदमाश है जिसके विरुध्द कुल 21 अपराध तथा आरोपी नीलेश जाटव के विरुध्द अलग अलग थाना क्षेत्रो मे 07 अपराध बाहन चोरी मारपीट लूट के पंजीबध्द होना पाये गये हैं।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. मूरज पिता डालचंद चौधरी उम्र 27 माल नि. निरंजन वार्ड 13 थाना कोतवाली जिला नरमिहपुर
2. आशीप पिता राजा सोलंकी उम्र 24 साल नि. खुलरी थाना गाडरवाडा जिला नरमिहपुर
3. नीलेश पिता प्रदीप जाटव उम्र 21 साल नि. खुलरी थाना गाडरवाडा जिला नरसिहपुर

**सराहनीय कार्य** थाना प्रभारी के.पी.धुर्वे उनि. श्रीचंद मरावी प्र.आर. कृष्णकुमार वानखेडे आर. नवनीत पाडे, आर. धनेश्वर यादव, आर. लकेश पटले आर. ओमकार पटेल, आर. सूरज मेहरा, आरक्षक चंदन रघुवंशी थाना लोधीखेडा जिला पांडुर्ना की महत्व पूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।